RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/01/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar ,Jamshedpur (JKD)

रैफ जवानों ने गोद लिए गांव में किया पौधरोपण

जमशेदपुर | सुंदरनगर 106 बटालियन आरएएफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। मंगलवार को इसके तहत गोद लिए गांव लाटकूगोड़ा में स्वच्छता अभियान व पौधरोपण किया। मौके पर उप कमांडेंट राकेश कुमार भी थे। गांव के सड़क किनारे, घरों व स्कूल के आसपास की झाड़ियों व कचरों, नाली-नलकूप व अन्य जगह सफाई की गई। वहीं महिला टुकड़ी ने लाटकूदोड़ा में भ्रमण भी किया। मौके पर सहायक कमांडेंट विश्वदीप व बटालियन के जवान मौजूद थे।

Prabhat khabar,Jamshedpur (JKD)

रैफ ने लाटकुगोड़ा में किया पौधरोपण



जमशेदपुर. रैफ 106 के तत्वावधान में मंगलवार को लाटकुगोड़ा गांव में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वच्छता अभियान के उपरांत पौधरोपण भी किया गया. इसमें गांव के लोगों ने भी हिस्सा लिया. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लाटकूगोड़ा गांव के सड़क किनारे घर, स्कूल के आसपास की सड़क, नाली और कुआं की सफाई की गयी. साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उदेश्य से क्षेत्र में 100 पौधे लगाये गये. इस मौके पर गांव के लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी से बचाव के उपाय के बारे में भी जानकारी दी गयी. कार्यक्रम का आयोजन रैफ 106 के कमांडेंट पीके सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व उपकमांडेंट राकेश कुमार ने किया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रैफ 106 और गांव के कई लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।